Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/11/2024 |
| Test Time | 12:30 PM - 1:30 PM |
| Subject | ALP Stage 1 |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** **दिसंबर 2024 में अष्टलक्ष्मी महोत्सव कितने दिनों तक मनाया जाएगा?**

Ans
✔ 1. तीन दिन
✗ 2. चार दिन
✗ 3. एक दिन
✗ 4. दो दिन

**Q.2** जहां $\frac{\cos^2 A}{1-\sin A} = y$, तथा $\sin A \neq 1$ हो, तो निम्न में से कौन सा विकल्प y का सही व्यंजक है?

Ans
✗ 1. $\operatorname{cosec} A$
✗ 2. $\cos A + 1$
✔ 3. $\sin A + 1$
✗ 4. $\sec A + \tan A$

**Q.3** निम्नलिखित संख्याओं और प्रतीकों की श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। संख्याओं और प्रतीकों की गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी चाहिए।

(बाएं) 9 # 1 2 @ 8 $ 7 & 3 Ω & % 4 6 * £ 5 (दाएं)

उपरोक्त श्रृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है लेकिन ठीक बाद एक विषम संख्या नहीं है?

Ans
✗ 1. शून्य
✔ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. दो से अधिक

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**40,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**500+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

NABARD

IBPS

**DOWNLOAD NOW**

**Q.4** यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+', और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

34D54C18A18B324 = ?

**Ans**
✔ 1. 304
✘ 2. 404
✘ 3. 204
✘ 4. 202

**Q.5** किसी पिंड की शक्ति को किलोवाट (KW) और वाट (W) दोनों में मापा जा सकता है। तो वाट के संदर्भ में 1 KW का मान क्या है?

**Ans**
✔ 1. 1000
✘ 2. 10000
✘ 3. 100
✘ 4. 10

**Q.6** **पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने कितने पदक हासिल किए?**

**Ans**
✘ 1. पाँच
✔ 2. छह
✘ 3. चार
✘ 4. तीन

**Q.7** जब तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल को कॉपर ऑक्साइड की थोड़ी मात्रा वाले बीकर में मिलाया जाता है तो कौन-सा यौगिक बनता है?

**Ans**
✘ 1. कॉपर (IV) क्लोराइड
✔ 2. कॉपर (II) क्लोराइड
✘ 3. कॉपर (III) क्लोराइड
✘ 4. कॉपर (I) क्लोराइड

**Q.8** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा कोलाइड में फोम का सही उदाहरण है?

**Ans**
✘ 1. जेली
✔ 2. प्यूमिस
✘ 3. कुहासा
✘ 4. कोहरा

**Q.9** A और B मिलकर एक कार्य 5 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने 4 दिन साथ कार्य किया और फिर B चला गया। A ने बचा हुआ कार्य अन्य 2 दिन में पूर्ण कर लिया। A अकेले पूरा कार्य कितने दिन में पूर्ण कर सकता है?

**Ans**
✔ 1. 10
✘ 2. 20
✘ 3. 15
✘ 4. 5

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

UZW, TYV, SXU, RWT, ?

Ans
1. QSV
2. SQV
3. SVQ
4. QVS

Q.11 सही कथन का चयन कीजिए।

A. टेस्टोस्टेरॉन लड़कों में यौवनावस्था के लक्षणों का भी नियंत्रण करता है।

B. प्रोजेस्टेरॉन लड़कों में यौवनावस्था के लक्षणों का भी नियंत्रण करता है।

Ans
1. दोनों कथन ही असत्य हैं।
2. कथन A सत्य है लेकिन B असत्य है।
3. दोनों कथन सत्य हैं।
4. कथन B सत्य है लेकिन A असत्य है।

Q.12 **सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 जिसका उद्देश्य देश भर में आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं और सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना है, 2024 के किस महीने में लागू हुआ?**

Ans
1. मई
2. जून
3. अगस्त
4. जुलाई

Q.13 तीन व्यक्तियों की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 5 : 6 है। आठ वर्ष पहले, उनकी आयु का योग 51 था। सबसे बड़े व्यक्ति की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 28 वर्ष
2. 30 वर्ष
3. 36 वर्ष
4. 45 वर्ष

Q.14 एंथनी बिंदु A से चलना आरंभ करता है और पश्चिम की ओर 9 km चलता है। वह बाईं ओर मुड़ता है, 3 km चलता है, फिर से बाईं ओर मुड़ता है और 13 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 2 km चलता है। वह अंतिम बार दाईं ओर मुड़ता है, 4 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किए जाएं, सभी मोड़ 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 9km उत्तर की ओर
2. 5km उत्तर की ओर
3. 13km पश्चिम की ओर
4. 7km दक्षिण की ओर

Adda247

**Q.15** निम्नलिखित संख्याओं और प्रतीकों की श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। संख्याओं और प्रतीकों की गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी चाहिए।

(बाएं) # 1 * £ 5 8 $ 4 2 & % 6 7 & @ 3 Ω 9 (दाएं)

उपरोक्त श्रृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

**Ans**

✗ 1. एक

✗ 2. दो

✓ 3. दो से अधिक

✗ 4. शून्य

**Q.16** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

तालिका 2011 से 2013 तक हिल स्टेशन A और B की सैर करने वाले व्यक्तियों की संख्या दर्शाती है।

| वर्ष | A | B |
|---|---|---|
| 2011 | 777 | 566 |
| 2012 | 675 | 289 |
| 2013 | 470 | 978 |

वर्ष 2011 में हिल स्टेशन A की सैर करने वाले व्यक्तियों की संख्या और उसी वर्ष हिल स्टेशन B की सैर करने वाले व्यक्तियों की संख्या के बीच निरपेक्ष अंतर कितना है?

**Ans**

✗ 1. 102

✗ 2. 112

✓ 3. 211

✗ 4. 312

**Q.17** यदि, चतुर्भुज JKLM में, कोण J, K, L और M की माप 2 : 3 : 5 : 6 के अनुपात में हैं, तो चतुर्भुज निम्नलिखित में से क्या है?

**Ans**

✗ 1. वर्ग (square)

✗ 2. पतंग (Kite)

✗ 3. समांतर चतुर्भुज (parallelogram)

✓ 4. समलंब (trapezium)

**Q.18** वह सबसे छोटी प्राकृत संख्या क्या है जिसे 1083 से गुणा करने पर वह पूर्ण वर्ग बन जाएगी:

**Ans**

✗ 1. 11

✓ 2. 3

✗ 3. 4

✗ 4. 2

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | जब सफेद प्रकाश को कांच के प्रिज्म द्वारा सात रंगों में विक्षेपित किया जाता है, तो निम्नलिखित में से किस रंग का विचलन सबसे कम होगा? | |
| Ans | ✗ 1. नीला<br>✓ 2. पीला<br>✗ 3. जामुनी<br>✗ 4. हरा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | जब किसी वस्तु पर गुरुत्वाकर्षण बल लगता है, तो वस्तु निम्नलिखित में से क्या अनुभव करती है? | |
| Ans | ✓ 1. त्वरण<br>✗ 2. कोई बाह्य बल नहीं लगता<br>✗ 3. अवत्वरण<br>✗ 4. पृथ्वी की सतह से टकराने पर एक बल का अनुभव करती है | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | उस युग्म का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा किया जाता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br>WGN : ZDQ<br>IUZ : LRC | |
| Ans | ✗ 1. PXH : LCD<br>✗ 2. DMV : HHZ<br>✗ 3. URL : STI<br>✓ 4. CAT : FXW | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | द्रव्य के कण ____________ के कारण निरंतर गतिशील रहते हैं। | |
| Ans | ✓ 1. गतिज ऊर्जा<br>✗ 2. स्थितिज ऊर्जा<br>✗ 3. कणों का आपस में मिलना<br>✗ 4. कणों का साइज़ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLOBE' को '84315' लिखा जाता है, 'GRADE' को '89265' लिखा जाता है, और 'BAKED' को '12756' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'R' को कैसे लिखा जाएगा? | |
| Ans | ✗ 1. 2<br>✗ 2. 6<br>✗ 3. 8<br>✓ 4. 9 | |

Adda247

**Q.24** 3 पेंसिलों और 5 कलमों का कुल मूल्य ₹101 है, जबकि 5 पेंसिलों और 3 कलमों का कुल मूल्य ₹91 है। 2 पेंसिलों और 2 कलमों का कुल मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. ₹45
✗ 2. ₹32
✓ 3. ₹48
✗ 4. ₹36

**Q.25** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर NCPJ, PFTO से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, QAVB, SDZG से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UIND निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

**Ans**
✓ 1. WLRI
✗ 2. VKRJ
✗ 3. XLSI
✗ 4. VMRJ

**Q.26** पुष्प के मादा जनन अंग में, उभरा-फूला भाग ________ होता है, मध्य में लंबा भाग ________ होता है और शीर्ष भाग जो प्रायः चिपचिपा होता है वह वर्तिकाग्र होता है।

**Ans**
✓ 1. अंडाशय, वर्तिका
✗ 2. मुकुल, वर्तिका
✗ 3. युग्मनज, पराग नली
✗ 4. वर्तिका, अंडाशय

**Q.27** यदि शब्द ENGLISH के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन-सा अक्षर होगा?

**Ans**
✗ 1. J
✓ 2. M
✗ 3. F
✗ 4. R

**Q.28** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 793 :: 679 : Y

**Ans**
✓ 1. X = 974, Y = 498
✗ 2. X = 886, Y = 443
✗ 3. X = 848, Y = 519
✗ 4. X = 923, Y = 481

Adda247

Q.29 18 अगस्त 2024 को कोयंबटूर में इंडियन विंड पावर एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैठक में ____________ को 2023-24 के लिए ग्रीन एनर्जी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

Ans
✔ 1. आंध्र प्रदेश
✗ 2. उत्तर प्रदेश
✗ 3. केरल
✗ 4. गुजरात

Q.30 मानव में नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट पदार्थ उत्पन्न करने वाली चयापचय गतिविधियों को किसके द्वारा हटा दिया जाता है:

Ans
✗ 1. परिसंचरण तंत्र
✔ 2. उत्सर्जन तंत्र
✗ 3. श्वसन तंत्र
✗ 4. संवहनी तंत्र

Q.31 इस प्रश्न में, दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण हो सकते है, या स्वतंत्र कारण या किसी सामान्य कारण के प्रभाव भी हो सकते हैं। एक कथन, दूसरे कथन का प्रभाव भी हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. विद्यालय X के अधिकांश शिक्षक यह विद्यालय छोड़कर विद्यालय Y में सम्मिलित हो गए हैं।

II. विद्यालय X की फुटबॉल टीम ने इंटर-सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में चैंपियन की ट्रॉफी जीती है।

Ans
✔ 1. I, और II, दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।
✗ 2. I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं।
✗ 3. II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है।
✗ 4. I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है।

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'कार्बन यौगिक की प्रकृति' के बारे में गलत है?

Ans
✗ 1.
कार्बन में कार्बन के अन्य परमाणुओं के साथ बंधन बनाने की अद्वितीय क्षमता होती है, जिससे बड़े अणुओं का निर्माण होता है। इस गुण को श्रृंखलन कहते हैं।
✗ 2.
कार्बन के ऐसे यौगिक जिनके कार्बन परमाणुओं के बीच द्वि-आबंध या त्रि-आबंध होता है, असंतृप्त यौगिक कहलाते हैं।
✔ 3. कार्बन के यौगिक ऑक्सीजन से ही बनते हैं।
✗ 4.
कार्बन के ऐसे यौगिक, जो कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल आबंधों से जुड़े होते हैं, संतृप्त यौगिक कहलाते हैं।

Adda247

Q.33 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A # B' का अर्थ 'A, B की मां है',

'A – B' का अर्थ 'A, B का भाई है',

'A x B' का अर्थ 'A, B की पत्नी है'

और 'A = B' का अर्थ 'A, B का पिता है'।

यदि 'N – P # S x T' है, तो N का S से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता का भाई
✗ 2. पिता के पिता का भाई
✓ 3. मां का भाई
✗ 4. पिता की मां

Q.34 ICICI बैंक ने अक्टूबर 2024 में पूर्व-अनुमोदित (pre-approved) ग्राहकों के लिए UPI पर तत्काल ऋण प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से किस एजेंसी के साथ साझेदारी की है, जिसमें 45 दिनों की पुनर्भुगतान अवधि के साथ ₹2 लाख तक का ऋण प्रदान किया जाएगा?

Ans
✗ 1. गूगल पे (Google Pay)
✓ 2. फोनपे (PhonePe)
✗ 3. पेटीएम (Paytm)
✗ 4. भारतपे (BharatPe)

Q.35 यदि संख्या 6484a6, 8 से विभाज्य है, तो a का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 1
✗ 2. 3
✗ 3. 0
✗ 4. 7

Q.36 यदि $48 : x :: x : 75$, और $x > 0$ है, तो $x$ का मान क्या है?

Ans
✓ 1. 60
✗ 2. 51
✗ 3. 57
✗ 4. 63

Q.37 विभवांतर K वाले दो बिंदुओं पर +Q आवेश को गतिमान करने में किया गया कार्य कितना है?

Ans
✗ 1. QK/2
✗ 2. QK/4
✓ 3. QK
✗ 4. 2QK

Adda247

**Q.38** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।

F के बाईं ओर से केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, B के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। D, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, C के ठीक दाईं ओर बैठा है।

B और G के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. एक
- ✓ 4. एक भी नहीं

**Q.39** पौधे में शीर्षस्थ विभज्योतक ऊतक (apical meristematic tissue) की स्थिति क्या होती है?

**Ans**
- ✗ 1. पर्वसंधियों के पास
- ✗ 2. केवल जड़ वाले भाग के निकट
- ✓ 3. तनों और जड़ों की वृद्धि वाले भाग में
- ✗ 4. तनों और जड़ों के पार्श्व भाग पर

**Q.40** **पांचवीं वैश्विक मानक संगोष्ठी (GSS-24) कहाँ आयोजित की गई?**

**Ans**
- ✗ 1. चेन्नई
- ✓ 2. नई दिल्ली
- ✗ 3. बेंगलुरु
- ✗ 4. मुंबई

**Q.41** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. LV – GQ
- ✓ 2. AK – VH
- ✗ 3. SC – NX
- ✗ 4. YI – TD

**Q.42** एक त्रिभुज के आधार की लंबाई एक वर्ग के परिमाप के बराबर है जिसका विकर्ण $7\sqrt{2}$ cm है और त्रिभुज की संगत ऊंचाई एक वर्ग की भुजा की लंबाई के बराबर है जिसका क्षेत्रफल 169 sq cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल (sq cm में) कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 130
- ✗ 2. 152
- ✓ 3. 182
- ✗ 4. 156

Adda247

**Q.43** एक लंबी विद्युत धारावाही परिनालिका (solenoid) है। यदि राहुल इस लंबी विद्युत धारावाही परिनालिका (solenoid) के अंदर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं अंकित करता है, तो यह ________ दिखाई देती है।

**Ans**

✗ 1. बीच में सघन

✓ 2. सभी बिंदुओं पर एकसमान

✗ 3. सिरों पर सघन

✗ 4. एक सिरे से दूसरे सिरे तक बढ़ती हुई

**Q.44** $\pi = \frac{22}{7}$ उपयोग करते हुए, एक बंद बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी आधार त्रिज्या 70 m तथा ऊँचाई 110 m है।

**Ans**

✗ 1. 82,400 $m^2$

✗ 2. 82,500 $m^2$

✓ 3. 79,200 $m^2$

✗ 4. 78,500 $m^2$

**Q.45** **निम्नलिखित में से कौन-सी टीम, महिला प्रीमियर लीग (Women's Premier League) के दूसरे संस्करण की विजेता थी?**

**Ans**

✗ 1. मुंबई इंडियंस

✗ 2. यूपी वॉरियर्स

✗ 3. दिल्ली कैपिटल्स

✓ 4. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (बेंगलुरु)

Adda247

Q.46 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:
सभी पतंगे, बंदर हैं।
सभी बंदर, चींटियां हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चींटियां, पतंगे हैं।

(II) कुछ बंदर, पतंगे नहीं हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.47 जब एक लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है, तो कौन सा पदार्थ विस्थापित हो जाता है?

Ans
✗ 1. सल्फेट
✗ 2. कॉपर सल्फेट
✓ 3. कॉपर
✗ 4. आयरन

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CODE' को '5739' लिखा जाता है और 'LEGS' को '4256' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'E' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans
✗ 1. 2
✓ 2. 5
✗ 3. 6
✗ 4. 9

Adda247

Q.49 जब कोई वस्तु एकसमान गति में होती है, तो उसका पथ कैसा होता है?

Ans
❌ 1. एक दीर्घवृत्तीय (An ellipse)
❌ 2. एक वृत्तीय (A circle)
❌ 3. एक परवलयी (A parabola)
✅ 4. एक ऋजु रेखीय (A straight line)

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-सी एक अभाज्य संख्या है?

Ans
❌ 1. 161
✅ 2. 373
❌ 3. 221
❌ 4. 437

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

LNR, MOS, NPT, OQU, ?

Ans
❌ 1. VPR
❌ 2. VRP
❌ 3. PVR
✅ 4. PRV

Q.52 गलत वाक्य/वाक्यों की पहचान कीजिए।

a. कुछ जीव कार्बन डाइऑक्साइड और जल के रूप में अकार्बनिक स्रोतों से प्राप्त सरल खाद्य सामग्री का उपयोग करते हैं।

b. अन्य जीव जटिल पदार्थों का उपयोग करते हैं जिन्हें शरीर के अनुरक्षण और वृद्धि के लिए उपयोग किए जाने से पहले सरल पदार्थों में विखंडित किया जाता है।

c. विषमपोषी जीवों में पादप शामिल हैं।

Ans
❌ 1. केवल b और c
❌ 2. केवल a और b
❌ 3. केवल a
✅ 4. केवल c

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

7 13 25 ? 97 193

Ans
✅ 1. 49
❌ 2. 39
❌ 3. 32
❌ 4. 35

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या कैल्शियम के परमाणु द्रव्यमान को दर्शाती है?

Ans
✗ 1. 16 u
✓ 2. 40 u
✗ 3. 14 u
✗ 4. 32 u

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. XB – YC
✗ 2. TX – SW
✗ 3. BF – AE
✗ 4. DH – CG

Q.56 एक वस्तु को अवतल दर्पण के फोकस और ध्रुव के बीच रखा जाता है, निर्मित प्रतिबिंब कैसा होगा?

Ans
✗ 1. आभासी, सीधा और छोटा
✗ 2. वास्तविक, उलटा और बड़ा
✓ 3. आभासी, सीधा और बड़ा
✗ 4. वास्तविक, उलटा और छोटा

Q.57 $y^2 - x^2$ में से $x^2 - y^2$ को घटाने पर निम्नलिखित में से क्या प्राप्त होता है?

Ans
✗ 1. $-2(x^2 + y^2)$
✗ 2. $2(x^2 + y^2)$
✗ 3. $2(x^2 - y^2)$
✓ 4. $-2(x^2 - y^2)$

Q.58 किसी देश में 55% जनसंख्या महिलाएं हैं। 80% पुरुष जनसंख्या साक्षर है। यदि कुल साक्षरता दर 58% है तो कितने प्रतिशत महिलाएं साक्षर हैं?

Ans
✗ 1. 45%
✓ 2. 40%
✗ 3. 20%
✗ 4. 55%

Adda247

Q.59 समान अंकित मूल्य वाली समान वस्तुओं पर, '5 खरीदें, 6 पाएं' जैसी योजना ____ छूट प्रदान करती है।

Ans
1. $11\frac{1}{9}\%$
2. 20%
3. 17.5%
4. $16\frac{2}{3}\%$ ✔

Q.60 2024 में, एलीट 18 'फ्लाइंग बुलेट्स' स्क्वाड्रन में शामिल होने वाली पहली महिला लड़ाकू पायलट कौन बनीं?

Ans
1. अवनि चतुर्वेदी
2. शिवांगी सिंह
3. मोहना सिंह ✔
4. भावना कंठ

Q.61 5 वर्षों के लिए 4% वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण पर ली गई धनराशि ₹3,000 पर साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹300
2. ₹800
3. ₹400
4. ₹600 ✔

Q.62 दो छात्र एक परीक्षा में शामिल हुए। उनमें से एक ने दूसरे से 9 अंक अधिक प्राप्त किए और उसके अंक उनके अंकों के योग का 56% थे। उनके द्वारा प्राप्त किए गए अंक कितने थे?

Ans
1. 43 और 34
2. 41 और 32
3. 39 और 30
4. 42 और 33 ✔

Q.63 सभी 36 व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं। अमन बाएं छोर से 11वें स्थान पर है, जबकि प्रथा दाएं छोर से 12वें स्थान पर है। अमन और प्रथा के बीच में कितने व्यक्ति हैं?

Ans
1. 13 ✔
2. 10
3. 15
4. 18

Q.64 मैं 10 km/h की चाल से चलता हूँ और 2 घंटे में ठीक समय पर गंतव्य तक पहुँचता हूँ। यदि मैं अपनी चाल 5 km/h बढ़ा दूँ, तो मैं अपने गंतव्य तक कितनी जल्दी पहुँच जाऊँगा?

Ans
1. 40 min ✔
2. 50 min
3. 20 min
4. 30 min

GET IT ON Google Play

**Q.65** कार्बन द्वारा निर्मित सबसे सरल यौगिक की पहचान कीजिए जिसका उपयोग व्यापक रूप से ईंधन के रूप में किया जाता है।

**Ans**
✗ 1. ऐथेन (Ethane)
✗ 2. मेथिल (Methyl)
✗ 3. प्रोपेन (Propane)
✓ 4. मेथैन (Methane)

**Q.66** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।

D के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**
✗ 1. B
✗ 2. A
✗ 3. C
✓ 4. G

**Q.67** जीवों की मूल निर्माण इकाई कौन-सी हैं?

**Ans**
✗ 1. अस्थि (Bones)
✓ 2. कोशिका (Cells)
✗ 3. तंतु (Fibres)
✗ 4. ऊतक (Tissues)

**Q.68** यदि A का अर्थ +, B का अर्थ −, C का अर्थ ×, और D का अर्थ ÷ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

91 D 13 B 4 A 3 C 2 = ?

**Ans**
✗ 1. 8
✓ 2. 9
✗ 3. 7
✗ 4. 10

**Q.69** **महिला, व्यवसाय और कानून 2024 (WBL2024) के अनुसार, भारत का स्कोर 100.0 में से ____ है।**

**Ans**
✗ 1. 75.4
✓ 2. 74.4
✗ 3. 70.4
✗ 4. 71.4

**Q.70** एक विक्रेता ने एक रुपए में 10 टॉफियां बेचीं, जिससे उसे 20% का लाभ हुआ। उसने एक रुपए में कितनी टॉफियां खरीदी?

**Ans**
✗ 1. 6
✓ 2. 12
✗ 3. 8
✗ 4. 10

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.71 11 और 30 (दोनों को छोड़कर) के बीच की अभाज्य संख्याओं का औसत कितना होगा?

Ans
✔ 1. 20.2
✗ 2. 20.3
✗ 3. 19.5
✗ 4. 19.6

Q.72 सार्वजनिक कला संस्थापनों के माध्यम से भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए 2024 में संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई परियोजना का नाम क्या है?

Ans
✔ 1. प्रोजेक्ट परी (Project PARI)
✗ 2. प्रोजेक्ट संस्कृति (Project SANSKRITI)
✗ 3. प्रोजेक्ट कला (Project KALA)
✗ 4. प्रोजेक्ट भारती (Project BHARATI)

Q.73 किन्हीं 70 मानों का औसत 40 है। यदि प्रत्येक मान को 20 से गुणा किया जाए, तो नया औसत क्या है?

Ans
✔ 1. 800
✗ 2. 1400
✗ 3. 90
✗ 4. 60

Q.74 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

कुछ तोते, बंदर हैं।

कुछ भालू, बंदर हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी भालू, तोते हैं।

(II) कुछ बंदर, भालू नहीं हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✔ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Adda247

**Q.75** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 826 :: 723 : Y

**Ans**

✔ 1. X = 542, Y = 1007

✗ 2. X = 593, Y = 941

✗ 3. X = 604, Y = 1018

✗ 4. X = 518, Y = 984

2024/12/02-23:35:03

Adda247